**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए चार–स्तरीय रणनीति अपना रही है, जिसमें समन्वय, संचार और क्षमता वृद्धि शामिल है। आज नई दिल्ली में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से इस बारे में जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 को अधिक से अधिक प्रचारित करने का अनुरोध किया।

***************

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज कहा कि सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक कम प्रीमियम के साथ बीमा सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार बीमा पॉलिसी धारकों के हितों की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि इसके लिए पर्याप्त नियम और कानून बनाए गए हैं और अब तक किसी भी पॉलिसीधारक को कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि इस क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी गई है और निवेश की पूरी राशि देश में ही खर्च की जाएगी।

***************

राष्ट्र आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट द्वारा पंडित दीनदयाल को एक दूरदर्शी विचारक बताया, जिन्होंने खुद को भारत की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। इधर, झारखंड में भी पार्टी मुख्यालय में अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

***************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर दिया है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त हो गयी है। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को छह महीने में उक्त पदों के लिए नया विज्ञापन जारी करने और नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

***************

झारखंड के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 10 फरवरी थी, लेकिन अब 16 हजार से अधिक सीटों के लिए आवेदन जारी है। वर्तमान में राज्य में 80 सीएम एक्सीलेंस स्कूल संचालित हो रहे हैं, जिन्हें चार हजार तक बढ़ाने की योजना है। ये स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर संचालित होते हैं और आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं।

***************

रामगढ़ जिले में झारखंड अधिविध परिषद की माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा शुरू होने पर उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों को परीक्षा को पारदर्शिता से संचालित करने और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

***************

दुमका में संताली समाज के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संताली भाषा, लिपि और संस्कृति की रक्षा को लेकर दिसोम मरांग बुरु संताली आरीचली आर लेगचर अखड़ा के बैनर तले हिजला गांव में बैठक की। बैठक में झारखंड सरकार से राज्य में संताली भाषा और ओलचिकी लिपि में पढ़ाई अनिवार्य करने की मांग की गयी।

***************

देवघर के बैद्यनाथ धाम में इस बार महाशिवरात्रि के अवसर पर झारखंड का पर्यटन विभाग भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी में जुट गया है। दो समितियों के बीच जारी विवाद के बीच शिव बारात की भव्यता, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने ऐसा निर्णय लिया है।

***************

गोड्डा रेलवे स्टेशन को अमृत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************